कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.06.2024

विषयः- लोहे की राड व फावड़ा से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर देने वाले दो नफर वांछित अभियुक्तगण को थाना बड़ागाँव पुलिस ने किया गिरफ्तार, निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद लोहे की राड व 01 अदद फावड़ा बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 23.06.2024 को थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर पाँचोशिवाला रोड के पास स्थित गौशाला के पास खड़े जमीनी विवाद में लोहे की राड व फावड़ा से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0स0 241/2024 धारा 323/504/506/307 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण विरेन्द्र पुत्र रामप्रसाद व विजयशंकर पुत्रगण रामप्रसाद, निवासीगण ग्राम हथिवार, थाना बड़ागाँव, कमि0 वाराणसी को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण की निशानदेही पर 01 अदद लोहे की राड व 01 अदद फावड़े को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ अभियुक्त – अभियुक्तगण से उक्त घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया तो अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बताये कि जमीन पर पीलर गाडने की बात को लेकर गाँव के ही राहुल सरोज से विवाद हो गया था तथा अक्रोशित होकर हम लोग हाथ मे लिये लोहे की राड व फावड़े से हमला कर दिये थे।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

- विरेन्द्र पुत्र रामप्रसाद, नि0 ग्राम हथिवार, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष।
- विजयशंकर पुत्र रामप्रसाद, नि0 ग्राम हथिवार, थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र करीब 34 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग*–

मु0अ0स0 241/2024 धारा 323/504/506/307 भादवि कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः

उ0नि0 प्रिन्स तिवारी,थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
उ0नि0 रवि प्रकाश सिंह, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

उ0नि0प्र0 प्रेम कुमार, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
आरक्षी अभिषेक वर्मा, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती-जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।